# भोले भण्डारी | by Ankush Ji Maharaj

ॐ नमः शिवाय ............

तेरा जैसा कोई नहीं है दीनन को हितकारी
भोले भण्डारी मेरे भोले भण्डारी
तेरा जैसा कोई नहीं है ..................

तुम समान दाता नहीं कोई जग में देत दिखाई
दान देइ लंका रावण को पार्वती पछताई
आप पवन सूत रूप बनाकर लंका सारी जारी
भोले भण्डारी मेरे भोले भण्डारी
भोले भण्डारी मेरे भोले भण्डारी

ॐ नमः शिवाय ............

निशदिन भांग घुटे कुटिया माँ घोटत घोटत हारी
आपको मंगल है जंगल में सबको दुनियादारी
भांग संग सिर गंग चढ़ावे होत मगन त्रिपुरारी
भोले भण्डारी मेरे भोले भण्डारी
भोले भण्डारी मेरे भोले भण्डारी

ॐ नमः शिवाय ............

आप को नाप सको ना कोई हार हार जन भाजे
देवकली हैं नाम परयो प्रभु यमुना पुलिन विराजे
जन अंकुश की लाज रखैया दीनन के हितकारी
भोले भण्डारी मेरे भोले भण्डारी
भोले भण्डारी मेरे भोले भण्डारी

ॐ नमः शिवाय ............

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ad%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%ad%e0%a4%a3%e0%a5%8d%e0%a4%a1%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a5%80-by-ankush-ji-maharaj/